तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार 5 मई 2026


11 एमबीए की छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण


12 आरटीई : बच्चों का दाखिला करवाना बना गले की फांस

**खबर संक्षेप**

### अपहरण और मारपीट के दो और आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना राई क्षेत्र में युवक के अपहरण और मारपीट के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान विजय और ओमबीर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 30 अप्रैल को दिनेश निवासी मुकुंदपुर, दिल्ली ने शिकायत दी थी कि उसका साला शिवम, जो ईको वैन चालक है, बीसवां मील के पास सवारी भर रहा था। इसी दौरान शिवा उर्फ सोमबीर और उसके साथियों ने शिवम के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए ड्राइवर योगेश उर्फ बच्ची को भी पीटा गया। बाद में दोनों को जबरन गाड़ी में डालकर ले जाया गया। इस मामले में पहले सोमबीर और आशीष को गिरफ्तार कर चुकी है।

### बैंक्वेट हॉल से एसी का सामान चोरी

गन्नौर। शहर के जीटी रोड स्थित चोखी ढाणी के बैंक्वेट हॉल में एसी की कॉपर पाइप चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मालिक चिराग मान ने थाना बड़ी में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, 3 मई को निरीक्षण के दौरान हॉल में लगे पांच एसी की कॉपर पाइप गायब मिलीं। साथ ही स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ था।

### वार्ड 14-15 में दूषित पेयजल की शिकायत

गन्नौर। शहर के वार्ड 14 और 15 में दूषित पेयजल की समस्या को लेकर पार्षद शिवानी जैन ने समाधान शिविर में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पुरानी अनाज मंडी के पीछे स्थित ट्यूबवेल नंबर 6 से पानी की आपूर्ति हो रही है, लेकिन काफी समय से पानी दूषित आ रहा है। पार्षद के अनुसार, यह पानी न पीने योग्य है और न ही घरेलू उपयोग के लिए सही है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

### आहुलाना नहर में डूबे मोहित की तलाश जारी

**गन्नौर।** आहुलाना नहर में नहाने के दौरान डूबे गांव बिलंदपुर निवासी 23 वर्षीय मोहित का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस और गोताखोरों द्वारा नहर में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। मोहित अपने साथियों संजू, गोलू, साहिल, अशोक और प्रदीप के साथ नहर में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी खुबडू झाल की टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाकर सर्च अभियान शुरू कराया।

## नगर निगम चुनाव : मुख्यमंत्री ने 20 जगह 'चाय पर चर्चा' पर मांगा समर्थन

# ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से विकास की गति तीन गुणा तेज होगी : नायब सिंह

### विधानसभा चुनाव में किए 217 संकल्पों में से 63 पूरे, बाकी पर तेज गति से चल रहा काम

### नारी शक्ति वंदन बिल गिराकर कांग्रेस ने महिलाओं का अपमान किया : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को सोनीपत में नगर निगम चुनाव को लेकर जोरदार प्रचार अभियान चलाया। उन्होंने शहर के विभिन्न वार्डों में आयोजित 20 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रमों में लोगों से सीधा संवाद कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान लिए गए 217 संकल्पों में से उनकी सरकार ने डेढ़ साल में 63 संकल्प पूरे कर दिए हैं, जबकि शेष पर तेजी से काम जारी है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि मेयर प्रत्याशी सहित सभी वार्डों में भाजपा को विजयी बनाकर 'ट्रिपल इंजन' सरकार का गठन करें, जिससे विकास कार्यों को तीन गुना गति मिलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे महिला विरोधी बताया और कहा कि महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर कांग्रेस ने हमेशा राजनीति की है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन विधेयक के विरोध को महिलाओं का अपमान करार दिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, विधायक देवेंद्र कादियान, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखोदा, विधायक कृष्णा गहलावत, मेयर प्रत्याशी राजीव जैन, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज व बिजेंद्र मलिक, राजकुमार कटारिया, सतीश नांदल, जवाहर सैनी, जसवीर दोदवा व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शहर विधायक व पार्टी के पदाधिकारी।

#### जनसभाओं को संबोधित किया

राई गांव (वार्ड-8), पंडितों वाली चौपाल गांव राठधाना (वार्ड-9), सामुदायिक केंद्र, खेवड़ा रोड बहालगढ़ (वार्ड-7), जनता शिक्षा सदन के सामने गांव गढ़ शहजानपुर (वार्ड-6), अग्रसेन भवन सेक्टर-14 (वार्ड-3 व 4), बीज मार्केट कम्युनिटी सेंटर के पास नजदीक बस स्टैंड (वार्ड-2), ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गैस एजेंसी ऑफिस के पास (वार्ड-5) जैन विद्या मंदिर, ज्योतिबा फुले चौक (वार्ड-1 ), 100 फुटा रोड गोहाना रोड बाईपास पर (वार्ड- 22), गढ़ी ब्राह्मणान नजदीक मयूर विहार (वार्ड- 21), राजू बैंक्वेट सेक्टर-23 (वार्ड-19 व 20), छोटूराम कॉलेज के सामने (वार्ड-18), पुरानी अनाज मंडी (वार्ड-16), कालूपुर गांव के चौक वाला पार्क (वार्ड -17), रामजस स्कूल (वार्ड -10), वृंदावन गार्डन कबीरपुर (वार्ड- 11), गोसाई धर्मशाला सिक्का कॉलोनी (वार्ड -13), दीपक मंदिर चौक ओल्ड डीसी रोड (वार्ड- 12 व 14) व पूर्व विधायक अनिल ठक्कर की कोठी के सामने झंडी रोड (वार्ड-15)

#### विपक्ष के नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सभाओं के दौरान विपक्षी दलों के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के पूर्व डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत और पूर्व पार्षद नीतू दहिया ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा ज्वाइन की। इसके अलावा कांग्रेस के जिला कार्यकारिणी सदस्य ओमबीर धनखड़, संदीप सूद, युवा कांग्रेस के निकेत मलिक सहित कई नेताओं ने भी भाजपा की नीतियों में विश्वास जताते हुए पार्टी का दामन थामा। वहीं, मेयर पद के निर्दलीय प्रत्याशी केके सैनी ने भी भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन को समर्थन देने की घोषणा की।

#### बंगाल की जीत जनता की जीत : सीएम

चाय पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को जनता की जीत बताया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक विभिन्न सरकारों ने वहां शोषण किया, लेकिन अब बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में पंजाब में भी भाजपा को सफलता मिलेगी।

#### महिलाओं के मुद्दों पर कांग्रेस ने की सिर्फ राजनीति

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने महिलाओं के अधिकारों के नाम पर केवल राजनीति की है। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को अधिकार देने का समय आया, तब कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध किया, जो उसकी सोच को दर्शाता है।

#### शहर को स्वच्छ व आधुनिक बनाना लक्ष्य : बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य शहर को स्वच्छ और आधुनिक बनाना है। उन्होंने बताया कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बेहतर सड़कें, सीवरेज और पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी।

## भूमि विवाद में रिटायर्ड जवान पर फायरिंग

**गन्नौर।** अटायल गांव में जमीन विवाद के चलते रिटायर्ड सीआरपीएफ जवान पर फायरिंग का मामला सामने आया है। हमले में जवान बाल-बाल बच गया, जबकि गोली उसके घर के गेट पर लगी।

- भूमि विवाद का मामला कोर्ट में विचाराधीन
- आरोपी ने दो फायर किए, बाल-बाल बचा जवान

पीड़ित मनोज कुमार ने थाना गन्नौर में दी शिकायत में बताया कि वह सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में बहादुरगढ़ की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उनका महाबीर और सुनील के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, जो गन्नौर कोर्ट में विचाराधीन है। शिकायत के अनुसार, होली के दिन रामसिंह की पत्नी निर्मला देवी और उनका बेटा गोपाल उनके घर आए और केस वापस लेने का दबाव बनाया। मना करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। गोपाल ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए भी धमकी दी थी। आरोप है कि रविवार देर रात गोपाल घर के बाहर आया और दरवाजा खटखटाने लगा। जैसे ही मनोज बाहर आए, उसने फायरिंग कर दी। मनोज ने तुरंत गेट बंद कर लिया, जिससे गोली गेट में जा लगी और उनकी जान बच गई। बताया गया है कि आरोपित ने दो फायर किए और साथी के साथ बाइक पर फरार हो गया। पुलिस ने गोपाल समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खरखौदा : डिवाइडर हटाने के मामले में आठ तक स्टे

**खरखौदा।** शहर में डिवाइडर हटाने को लेकर चल रहा विवाद अब न्यायालय पहुंच गया है। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने फिलहाल 8 मई तक स्टे (यथास्थिति) बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों की ओर से अधिवक्ता कमल शर्मा ने



पक्ष रखते हुए विस्तृत बहस की। उन्होंने दलील दी कि शहर में जहां आवश्यकता होती है, वहां यातायात को सुचारू रखने के लिए डिवाइडर लगाए जाते हैं और खरखौदा में भी इसी उद्देश्य से इन्हें स्थापित किया गया था। अधिवक्ता ने कहा कि यदि डिवाइडर हटा दिए गए तो अतिक्रमण बढ़ेगा और जाम की समस्या गंभीर हो सकती है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली मार्ग पर गोपालपुर रोड के पास, जहां डिवाइडर नहीं हैं, वहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि डिवाइडर निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, ऐसे में उन्हें हटाना सरकारी धन की बर्बादी होगा। आमजन की सुविधा को देखते हुए डिवाइडर हटाना उचित नहीं है। न्यायाधीश सुषमा की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 8 मई तक स्टे जारी रखने के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई उसी दिन होगी।

## बाइक रुकवाकर युवक को चाकू घोंपा, गंभीर

**सोनीपत।** पुरखास अड्डा क्षेत्र में शनिवार देर रात एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कुम्हार गेट निवासी सागर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार देर रात वह अपने भाई विक्रांत के साथ ज्ञान नगर से घर लौट रहा था। जब वे पुरखास अड्डा के पास पहुंचे, तो सामने से आए दो युवकों ने उनकी बाइक रुकवा ली। आरोप है कि दोनों ने पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान एक आरोपी ने चाकू निकालकर सागर पर हमला कर दिया, जबकि दूसरे ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। हमले में सागर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके भाई ने उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बीपीएस खानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




- पुरखास बस अड्डे के पास शनिवार देर रात वारदात से हड़कंप
- रंजिश में हमला, घायल सागर प्राथमिक उपचार के बाद खानपुर पीजीआई रेफर

## विवाद में महिला पर चाकू से हमला

**सोनीपत।** शहर की बटन वाली गली में मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया, मकान में किराए पर रह रही महिला ने चाकू और ईंट से हमला कर महिला सहित दो लोगों को घायल कर दिया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मोहल्ला कलां निवासी जगदीश ने बताया कि उनकी बहन पुष्पा रानी के घर पर किरायेदार के साथ विवाद चल रहा था। मामला शांत कराने पहुंचे परिजनों पर ही हमला कर दिया गया।

आरोप है कि किरायेदार महिला ने गाली-गलौज करते हुए पुष्पा की भाभी नीलम पर चाकू से वार किया, जिससे उनके हाथ में गहरा घाव हो गया। इसके बाद बीच-बचाव करने आए अनिल के सिर पर ईंट से वार कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से अनिल को गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूटी सवार झपटमार ने महिला से पर्स छीना

**सोनीपत।** सेक्टर-15 क्षेत्र में स्कूटी सवार झपटमार द्वारा ब्यूटी पार्लर संचालिका का पर्स छीनने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दीपालपुर निवासी आशा ने बताया कि वह सेक्टर-15 में ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। घटना के दिन वह दुकान से घर लौट रही थीं और बिहारी मंडी से डेंटल क्लिनिक की ओर जा रही थीं।

#### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

इसी दौरान क्लिनिक से कुछ दूरी पहले स्कूटी सवार एक युवक उनके पास आया और झपट्टा मारकर उनके हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गया। पीड़िता के अनुसार, पर्स में सोने की चेन, करीब 800 रुपये नकद और दुकान व घर की चाबियां थीं। उन्होंने बताया कि सोने की चेन उनकी ग्राहक ममता की थी, जो कुछ दिन पहले दुकान पर भूल गई थी और उसे लेने आने वाली थी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और आरोपित की तलाश की जा रही है।

**अंडर-14 श्रेणी में भारत का करेंगी प्रतिनिधित्व**

## दिव्यांशी गर्ग का वर्ल्ड कप योगासन चैंपियनशिप में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल की होनहार छात्रा दिव्यांशी गर्ग ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर वर्ल्ड कप योगासन चैंपियनशिप में जगह बनाकर जिले का नाम रोशन किया है।

वह आगामी जून माह में गुजरात में आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-14 सब जूनियर श्रेणी के ट्रेडिशनल इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। देशभर में आयोजित ट्रायल्स में दिव्यांशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (राई) में हुए चयन ट्रायल्स के दौरान उन्होंने अपने उत्कृष्ट योगासन कौशल से अन्य प्रतिभागियों को पीछे छोड़ दिया।



**सोनीपत।** दिव्यांशी को बधाई देतीं स्कूल प्रिंसिपल व कोच।

#### स्कूल पहुंचने पर प्रतिभाशाली खिलाड़ी का स्वागत

स्कूल पहुंचने पर प्राचार्या किरण दलाल ने दिव्यांशी और उनकी कोच सरोज बाला को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिव्यांशी ने भी चैंपियनशिप के लिए तैयारी शुरू कर दी है और बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### मौसम ने फिर ली करवटः बूंदाबांदी से पारे में 4 डिग्री की गिरावट

## सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण आज भी बादल छाए रहेंगे, तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना

**8, 11 और 14 को भी पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में करीब दस दिन बाद मौसम ने एक बार फिर करवट ली। रविवार देर रात तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे सोमवार सुबह तक मौसम सुहावना बना रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 5 मई तक बादल छाए रहने और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं।

इसके बाद 8 मई से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका असर 9 मई तक रहेगा। 11 और 14 मई को भी दो और विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। रविवार रात की बारिश से अधिकतम तापमान 38 से घटकर 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 से घटकर 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में गिरावट से बिजली खपत में कमी आई, हालांकि तेज हवाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।



**सोनीपत।** रविवार रात हुई बूंदाबादी से अनाज मंडी में भीगा गेहूं

**उठान न होने के कारण मंडियों में गेहूं भीगा** : मंडियों में उठान की धीमी लचर व्यवस्था से किसानों व आढ़तियों की परेशानी बढ़ती नजर आई। बारिश से लोगों को भले ही गर्मी व उमस से निजात मिली, लेकिन मंडियों में आढ़ती परेशान नजर आए। बता दें कि फिलहाल मंडियों में काफी मात्रा में गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। कुछ गेहूं से भरे बैग उठान का इंतजार कर रहे हैं। रात को बारिश से सोनीपत अनाज मंडी सहित विभिन्न मंडियों में गेहूं भीग गया। आढ़तियों का कहना है कि अगर आने वाले दिनों में तेज बारिश होती है, तो गेहूं खराब होने की संभावना है।



#### किसानों को आंशिक राहत

वहीं, कुछ किसानों के लिए यह बारिश लाभकारी साबित हो सकती है। मिट्टी में नमी बढ़ने से खरीफ फसलों की बुवाई में आसानी होगी और सिंचाई पर खर्च कम आएगा। हालांकि ओलावृष्टि की स्थिति में कपास जैसी फसलों को नुकसान का खतरा भी बना हुआ है।

#### मौसम परिवर्तनशील रहेगा

मौसम विशेषज्ञ प्रो. चंद्रमोहन के अनुसार, मई के मध्य तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा, लेकिन इसके बाद तापमान तेजी से बढ़ सकता है और लोगों को भीषण गर्मी व लू का सामना करना पड़ सकता है।

## आपत्तिजनक मैसेज मामला : सहायक प्राध्यापक सभी जिम्मेदारियों से मुक्त

**महिला कर्मचारी के आरोपों की जांच के लिए कमेटी गठित सप्ताह में देनी होगी रिपोर्ट**

### यौन उत्पीड़न शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में एक महिला कर्मचारी द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कुलपति अशोक कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित सहायक प्राध्यापक को सभी शैक्षणिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियों से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया है।

महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया है कि सहायक प्राध्यापक देर रात व्हाट्सएप के माध्यम से आपत्तिजनक और अशोभनीय संदेश भेजकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। साथ ही उनकी सामाजिक और पेशेवर छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी किया गया। पीड़िता ने मामले की गोपनीयता बनाए रखने का अनुरोध किया है।

#### आईसीसी एक्टिव

कुलपति अशोक कुमार ने प्रकरण की जांच अन्नू की अध्यक्षता में गठित आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) को सौंप दी है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वह पूरे मामले की गहन और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करे और एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपे।

जब तक जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक आरोपित किसी भी प्रकार के आधिकारिक कार्य में शामिल नहीं हो सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परिसर में किसी भी प्रकार का अमर्यादित व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विवि द्वारा गठित कमेटी की जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है, सख्त एक्शन लिया जाएगा।

#### उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

विश्वविद्यालय में किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से पूरी कराई जाएगी।

-अशोक कुमार, कुलपति



विशेष
मातृ दिवस
10 मई

# मां तुम हो सबसे प्यारी... सबसे न्यारी...

मां के बारे में कितना भी कहा जाए, लिखा जाए, कम ही होगा। उसकी ममता की कोई थाह नहीं, उसके त्याग की कोई सीमा नहीं। संतान के हित के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर मां की महानता का वर्णन संभव नहीं। सच! इस दुनिया में कोई रिश्ता नहीं, जो मां जैसा प्यारा हो, मां जैसा न्यारा हो।

कवर स्टोरी
**शिखर चंद जैन**

बिन कहे जो आपकी बात समझ जाए, जिससे बात करके मन हल्का हो जाए, जिसकी गोद में सिर रखकर कुछ पल बैठ जाएं तो स्वर्ग-सा सुख मिले, ऐसा शख्स मां के बिना भला कौन हो सकता है! अपनी संतान से मां का रिश्ता सृष्टि में सबसे सुंदर और अद्वितीय होता है। यह रिश्ता सिर्फ भावनाओं का संगम नहीं, त्याग, शक्ति और अटूट विश्वास की एक अनूठी कहानी है। मां का रिश्ता दुनिया के हर रिश्ते से अलग और बेहद महत्वपूर्ण होता है। मां का रिश्ता एक ऐसी अनमोल विरासत है। एक महिला के रूप में, मां होना पूर्णता का अहसास है और एक संतान के रूप में, मां का होना ईश्वर का वरदान है।

## सृष्टि का आधार मां की सृजन-शक्ति

मां का रिश्ता दुनिया का इकलौता ऐसा रिश्ता है, जो जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। नौ महीने तक एक नन्ही-सी जान को अपने भीतर सींचना, उसे अपना रक्त और पोषण देना, यह एक ईश्वरीय अनुभव है। दुनिया का कोई भी दूसरा रिश्ता इस स्तर के शारीरिक और आत्मिक जुड़ाव से नहीं बनता। मां एक 'क्रिएटर' है, यही उसे बाकी सब नातों से ऊपर रखता है। 'मां' केवल एक शब्द नहीं, संपूर्ण सृष्टि का आधार है। भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मान्यताओं में मां को ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में देखा जाता है। मां ही वह शक्ति है, जिसके बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है। कई धार्मिक विचारों में मां को ईश्वर का साकार रूप माना गया है, क्योंकि जिस प्रकार परमात्मा सृष्टि का आधार है, उसी प्रकार मां अपने परिवार और भावी पीढ़ी का आधार होती है।

## पहली गुरु और मार्गदर्शक

मां न केवल जीवन देती है, बल्कि जीवन जीने का सही तरीका और संस्कार भी सिखाती है। एक बच्चा अपनी पहली शिक्षा किसी स्कूल से नहीं, बल्कि अपनी मां की गोद से प्राप्त करता है। भाषा, संस्कार, सही-गलत की पहचान और दुनिया को देखने का नजरिया सब मां ही सिखाती है। मां ही बच्चे की पहली मेंटर होती है। वह बिना किसी डिग्री के भी जीवन के सबसे कठिन पाठ पढ़ा देती है। इसीलिए मां को हमारे जीवन की पहली गुरु और मार्गदर्शक माना जाता है। मां ही बच्चे के साथ सबसे अधिक समय बिताती है, उसे जीवन के प्रारंभिक पाठ सिखाती है। मां की सिखाई बातें जीवन भर अपनी संतान का मार्गदर्शन करती हैं।

## निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा



मां के निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण के कारण ही उसे जीवनदाता और सबसे अच्छी दोस्त भी कहा जाता है। आज की व्यावसायिक दुनिया में हर रिश्ता किसी न किसी उम्मीद या लेन-देन पर टिका होता है। लेकिन मां का प्यार 'अनकंडीशनल' होता है। बच्चा चाहे कितना भी बड़ा हो जाए, सफल हो या असफल, मां के लिए वह हमेशा वही मासूम जान रहता है। उसका प्यार बदले में कुछ नहीं मांगता, बस अपने बच्चे की मुस्कुराहट चाहता है। मां का स्नेह, त्याग और ममता न केवल बच्चों का मार्गदर्शन करती है, बल्कि समाज और मानवता की नींव भी रखती है।

## अनकही बातों को समझने का हुनर

दुनिया के हर रिश्ते में अपनी बात समझाने के लिए शब्दों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन मां के साथ ऐसा नहीं है। आपकी आंखों की नमी, आपकी आवाज की खनक या आपकी चुप्पी, मां सब कुछ बिना कहे समझ लेती है। यह 'इंट्यूशन' और 'टेलीपैथी' जैसा जुड़ाव केवल मां के साथ होता है। 'मां' के पास अपनी संतान की अनकही बातों को समझने का जो हुनर होता है, वह शब्दों का मोहताज नहीं होता। यह गुण केवल एक मां ही रख सकती है, जिसे दुनिया के किसी और रिश्ते में पाना लगभग असंभव है। एक मां का दिल वह खजाना है, जिसमें केवल त्याग और प्रेम भरा होता है। मां न केवल अपनी संतान की भावनाओं को समझती है, बल्कि उनमें गहरी रुचि और परवाह भी दिखाती है। चाहे रोते हुए बच्चे को चुप कराना हो या किसी जटिल बात को सरलता से समझाना, मां, संचार के इस कौशल में माहिर होती है। मां का धैर्य, उसका निःस्वार्थ प्रेम ही उसे बच्चे के मन की उन बातों को भांपने की शक्ति देता है, जो वह कभी नहीं कह पाता।

## सबसे सुरक्षित आश्रय

बाहर की दुनिया कितनी भी कठोर क्यों न हो, जब एक बच्चा अपनी मां की गोद में सिर रखता है, तो उसे दुनिया का सबसे सुरक्षित कोना महसूस होता है। मां की गोद को दुनिया का सबसे सुरक्षित आश्रय मानने के पीछे केवल भावनाएं ही नहीं, बल्कि ठोस वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक शोध निष्कर्ष भी हैं। रिसर्च के अनुसार, मां के साथ शारीरिक संपर्क (जैसे गोद में बैठना या गले लगना) शरीर में ऑक्सीटोसिन हार्मोन को रिलीज करता है। यह हार्मोन तनाव को कम करता है, सुरक्षा का अहसास दिलाता है और मां-बच्चे के बीच एक अटूट बंधन बनाता है। अध्ययनों से पता चला है कि मां का स्पर्श और उसकी मौजूदगी बच्चे के शरीर में कोर्टिसोल (तनाव बढ़ाने वाला हार्मोन) के स्तर को कम कर देती है। इससे बच्चा खुद को शांत और सुरक्षित महसूस करता है। सिंगापुर में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जो बच्चे मां के अधिक संपर्क में रहते हैं, उनके 'सोशल ब्रेन' का विकास बेहतर होता है। यह उन्हें भावनाओं को समझने और सामाजिक रूप से सक्रिय बनने में मदद करता है। मनोवैज्ञानिक जॉन बाउल्बी की 'अटैचमेंट थ्योरी' बताती है कि मां की गोद बच्चे के लिए एक 'सिक्योर बेस' (सुरक्षित आधार) का काम करती है। जब बच्चा यहां सुरक्षित महसूस करता है, तभी उसमें बाहर की दुनिया को एक्सप्लोर करने का आत्मविश्वास आता है। 'कंगारू केयर' (त्वचा से त्वचा का संपर्क) पर हुई रिसर्च बताती है कि मां की गोद में रहने से शिशुओं के दिल की धड़कन और शरीर का तापमान स्थिर रहता है, जिससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है।



## विशाल हृदयी-त्याग की मूरत मां

**एक महिला** जब मां बनती है, तो वह अपनी नींद, अपनी पसंद, अपना करियर और कभी-कभी अपनी पहचान तक को पीछे छोड़ देती है। सबसे रोचक बात यह है कि वह इसे 'त्याग' नहीं मानती, बल्कि अपनी खुशी मानती है। अपनी थाली की आखिरी रोटी बच्चे को खिलाकर पेट भरा हुआ महसूस करना, यह जादू सिर्फ मां कर सकती है। इंसान गलतियों का पुतला है, और हम अकसर जाने-अनजाने अपनों का ही दिल दुखाते रहते हैं। जहां दूसरे रिश्ते छोटी-सी ठेस से टूट जाते हैं या उनमें दरार आ जाती है, मां का दिल वह समंदर है, जो आपकी हर गलती को समा लेता है। वह डांटती है, नाराज होती है, लेकिन कभी आपका हाथ नहीं छोड़ती। उसका विशाल हृदय संतान को क्षमा करने में देर नहीं करता। जब पूरी दुनिया आप पर शक करती है, तब मां ही होती है, जिसे यकीन होता है कि आप सब कुछ कर सकते हैं। मां का 'मेरा बच्चा सबसे अच्छा है' वाला विश्वास हमें बड़े से बड़े संकट से लड़ने की शक्ति देता है। मां का भरोसा ही वह चेतना जगाती है, जिससे हमारा आत्मविश्वास चमकता है।

# प्यार से सिखाते-समझाते हुए अपनी मां को बनाएं टेक्नो-स्मार्ट

आप जरूर चाहेंगी कि जैसे स्मार्ट फोन और गैजेट्स के जरिए रोजमर्रा के ढेरों काम आसानी से कर लेती हैं, वैसे ही आपकी मम्मी भी कर लें। इसके लिए आपको ही उनकी हेल्प करनी होगी। उन्हें आप बहुत आसानी से टेक्नो-स्मार्ट बना सकती हैं।

सजेशन
**ललिता गोयल**



आज के डिजिटल दौर में मॉम को भी टेक्नो-फ्रेंडली होना बहुत जरूरी है। इससे उनको अपनी फेवरेट रेसिपी ढूंढ़ने या अपने रिलेटिव्स से बात करने के लिए किसी की मदद का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे खाली समय में अपना एंटरटेनमेंट कर पाएंगी, इससे उन्हें खुशी मिलेगी और उनका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। आप बहुत आसानी से मॉम को टेक्नो-स्मार्ट बना सकती हैं। इसकी शुरुआत मदर्स-डे से कर सकती हैं।

**दोस्त बनकर सिखाएं:** अगर टेक्नोलॉजी से जुड़ी मां को एक बार में कोई बात समझ नहीं आ रही तो परेशान या इरिटेट न हों। एक दोस्त की तरह व्यवहार करें, बार-बार प्यार से समझाएं। एक उम्र के बाद टेक्नोलॉजी से जुड़ी बातें सीखने में डर, हिचक होती ही है। ऐसे में उन्हें प्यार से समझाएं, उनका हौसला बढ़ाएं। जैसे आपके बचपन में उन्होंने आपको एक-एक अक्षर और गिनती सिखाई थी, वैसे ही अब आपकी बारी है।

**छोटे कदमों से करें शुरुआत:** सीधे मुश्किल फंक्शंस सिखाने की बजाय, रोजमर्रा की जरूरत वाली चीजें जैसे- व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल, मैसेज टाइप करना, फोटो शेयर करना, यू-ट्यूब पर वीडियो देखना सिखाएं। जब वे इतना सीख जाएं तब उन्हें दूसरी बातों के बारे में बताएं।



**ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी:** अपनी मॉम को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के टिप्स भी जरूर बताएं जैसे कि अनजाने लिंक पर क्लिक न करना और ओटीपी शेयर न करना। अनजान लिंक्स के खतरों के बारे में भी समझाएं ताकि कोई नुकसान न उठाना पड़े।

**एंटरटेनमेंट:** अगर मां को गाने सुनना पसंद हैं, तो उनके फोन पर यू-ट्यूब या स्पॉटीफाई में उनके फेवरेट गानों की प्ले-लिस्ट बना दें। अगर उन्हें किताबें पढ़ना पसंद है, तो ई-बुक्स के बारे में बता सकती हैं। अगर आपकी मां को लिखने का शौक है तो आप उन्हें पर्सनल ब्लॉग बनाना भी सिखा सकती हैं।

**वीडियो कॉलिंग:** अपनी मम्मी को जरूर सिखाएं कि कैसे वे अपनी सहेलियों या रिश्तेदारों से बिना किसी की मदद के वीडियो कॉल कर सकती हैं। अपने करीबियों को देखते हुए बात करना उन्हें बहुत खुशी देगा।

**कैब बुकिंग:** ट्रैवल एप के जरिए मां को कहीं भी आने-जाने के लिए कैब बुकिंग करना भी सिखाएं। इससे कहीं भी अकेले आने-जाने के लिए वे आत्मनिर्भर बनेंगी।

**हेल्थ-फिटनेस नॉलेज:** मां के फोन में कोई योगा एप डाउनलोड कर दें। इनमें 50 से अधिक की उम्र के हिसाब से आसान योगासन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज के तरीके मिल जाएंगे। इनकी मदद से उन्हें फिट और हेल्दी रहने में बहुत मदद मिलेगी।

**डिजिटल पेमेंट:** उन्हें यूपीआई से पेमेंट करना जरूर सिखाएं। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगी और जब चाहेंगी अपनी पसंद की शॉपिंग कर सकेंगी। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। जब मां अपनी पसंद की चीजों को डिजिटल तरीके से खुद एक्सेस कर पाएंगी, तो उन्हें बहुत खुशी मिलेगी।

**टेक्नो फ्रेंडली बनने के फायदे:** जब आपकी मॉम टेक्नोस्मार्ट हो जाएंगी तो यह कई तरीके से उनके लिए फायदेमंद होगा।

- वे घर बैठे ऑनलाइन सामान ऑर्डर कर सकती हैं।
- वे डिजिटल माध्यम से दूर बैठे परिवार वालों से आसानी से जुड़ सकती हैं।
- वे नई चीजें सीखकर नॉलेज बढ़ा सकती हैं।
- अपने खाली समय में एंटरटेनमेंट कर सकती हैं, इससे उन्हें बोरियत नहीं होगी।

# हर तरह के मैनेजमेंट स्किल में एक्सपर्ट होती हैं मदर्स

मांएं हर परिवार की धुरी होती हैं। एक साथ कई-कई भूमिकाएं निभाने में एक्सपर्ट मांओं का मैनेजमेंट स्किल कमाल का होता है। हर सदस्य की जरूरत और खुशी का ध्यान रखने में उनका जवाब नहीं होता है। तभी तो हम सब मानते हैं, मां जैसा कोई नहीं।

स्पेशल क्वालिटी
**अंजू जैन**



पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, स्ट्रेटेजी, टीम लीडर जैसे भारी भरकम शब्दों का इस्तेमाल किए बिना ही शानदार मैनेजमेंट स्किल का प्रदर्शन करने में एक्सपर्ट होती हैं हम सभी की मांएं। हम उन्हें एक कुशल प्रबंधक की तरह काम करते हुए देखते हैं मगर कभी इस पर ध्यान नहीं दे पाते। कैसे हमारी मां घर को एक सुचारू रूप से चलने वाले प्रोजेक्ट या कंपनी की तरह संभालती हैं, अनजान लोगों, रिश्तेदारों, फाइनेंस, टाइम टेबल, मुसीबतों, बाजार और भावनाओं को एक साथ संतुलित करती हैं। इस पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि उनकी मैनेजमेंट स्किल्स किसी कॉर्पोरेट कंपनी के सीईओ यानी मुख्य कार्यकारी अधिकारी से किसी मायने में कम नहीं हैं। मां बिना किसी ऐसी डिग्री के एक पूरे संस्थान यानी परिवार और घर को सुचारु रूप से चलाती हैं।

**बजट और वित्तीय योजना:** सीमित संसाधनों में घर को बेहतरीन तरीके से चलाना और भविष्य के लिए बचत करना मांओं को एक कुशल 'फाइनेंसियल मैनेजर और एडवाइजर' बनाता है। वे बिना किसी ट्रेनिंग के घर की 'चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर' की तरह काम करती हैं। घर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतरीन और अधिकाधिक उपयोग करना मांओं की विशेषता होती है। वे जानती हैं कि बजट कैसे बनाया जाए, आने वाले खर्चों के लिए तैयारी कैसे की जाए और अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए धनराशि कैसे बचाई जाए?



**समझती हैं अपनी प्राथमिकताएं:** सबसे पहले और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण क्या है, यह एक मां से बेहतर कौन समझ सकता है? मां की दिनचर्या को एक दिन के लिए देखें कि वे प्राथमिकताओं को कैसे निर्धारित करती हैं? वे समझती हैं कि कब किस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है और कब उसे शांति से टाला जा सकता है? बच्चे का स्वास्थ्य, उसके स्कूल जाने-आने का समय, खाना बनाने और परोसने का टाइम या पारिवारिक संकट हमेशा उनकी प्राथमिकता में होते हैं। घर के सभी कार्य उनकी व्यस्त रूटीन में समायोजित हो जाते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कोई माहिर कॉर्पोरेट मैनेजर करता है।

**कई रोल्स में बैलेंस करना:** मां खाना बनाने, साफ-सफाई से लेकर घरेलू कार्यक्रमों का आयोजन करने तक, हर काम को कुशलतापूर्वक संभालती हैं। शादी जैसा बड़ा इवेंट भी वे बखूबी मैनेज कर लेती हैं। वे लगातार अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि परिवार का हित प्रभावित न हो और यह सुचारु रूप से चलता रहे। एक साथ कई भूमिकाएं निभाने और कई प्रतिभाएं, गुण रखने को विशेषज्ञता को पालीमैथ कहा जाता है। मम्मियां इसमें दक्ष होती हैं।

**अच्छी रोल मॉडल:** मांएं अपने परिवार के लिए उदाहरण के तौर पर मौजूद रहती हैं। वे अनुशासन, धैर्य या मेहनत के बारे में सिर्फ किताबी बातें नहीं करतीं, बल्कि हर दिन इसे अपने जीवन में उतारती हैं। उनके बच्चे, पति और सभी परिजन इसे प्रत्यक्ष देखते हैं तो वे प्रेरित होते हैं।


**मल्टी-टास्कर:** मल्टी-टास्किंग के मामले में मम्मियों को दुनिया में सबसे बेहतरीन माना जाता है। एक मां एक ही समय में खाना बना सकती है, बच्चे की पढ़ाई पर नजर रख सकती है और घर के अन्य जरूरी कामों की योजना बना सकती है। मां एक साथ कई भूमिकाएं निभाती हैं जैसे टीचर, कुक, कंसल्टेंट और चीयरलीडर। यह क्षमता उन्हें जटिल परिस्थितियों में भी कार्यकुशल बनाए रखती है।

# प्रॉपर मेकअप से मां दिखेंगी सिंपल-सोबर

मेकअप
**सरिता गुप्ता**

जिस तरह का मेकअप यंग एज में किया जाता है, वैसा मिड एज में नहीं किया जा सकता है। दरअसल, बढ़ती उम्र के साथ त्वचा में कई बदलाव आने लगते हैं, जैसे झुर्रियां, ढीलापन, ड्रायनेस और पिग्मेंटेशन। ऐसे में मेकअप का तरीका भी बदलना जरूरी हो जाता है। सही मेकअप न केवल चेहरे की कमियों को छिपाता है बल्कि नेचुरल ग्लो भी बढ़ाता है। इस मदर्स-डे पर, अपनी मां को एक नया सिंपल-सोबर लुक देने के लिए आप यहां बताए जा रहे मेकअप स्टेप्स फॉलो करें। यकीन मानिए, आपकी मॉम और भी प्यारी दिखने लगेंगी।

**स्किन केयर से करें शुरुआत:** मेकअप से पहले स्किन को प्रिपेयर करना बहुत जरूरी है। उम्र बढ़ने के साथ स्किन ड्राय होने लगती है। इसलिए सबसे पहले मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। फिर हाइड्रेटिंग सीरम और प्राइमर का उपयोग करें। इसकी मदद से मेकअप स्मूथ लगता है और लंबे समय तक टिका रहता है।



**लाइटवेट फाउंडेशन का करें चुनाव:** हैवी फाउंडेशन झुर्रियों को और उभार सकता है। इसलिए हमेशा लाइटवेट और हाइड्रेटिंग फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। बीबी क्रीम या सीसी क्रीम भी अच्छा विकल्प है। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से हल्के हाथों से लगाएं ताकि स्किन नेचुरल दिखे।

**कंसीलर का सही इस्तेमाल:** आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स को छिपाने के लिए कंसीलर का उपयोग करें, लेकिन बहुत ज्यादा मात्रा में इसे न लगाएं। हल्के हाथों से ब्लेंड करें ताकि फाइन लाइंस में प्रोडक्ट जमा न हो।

**पावडर कम लगाएं:** मेकअप में कम पावडर का इस्तेमाल करें। अधिक पावडर लगाने से चेहरा ड्राय और केकी दिख सकता है। सिर्फ टी-जोन (माथा, नाक और ठोड़ी) पर ही हल्का-सा कॉम्पैक्ट पावडर लगाएं। इस सीजन में ट्रांसलूसेंट पावडर बेहतर रहता है।

**सॉफ्ट-न्यूट्रल आई मेकअप:** बढ़ती उम्र में आई मेकअप को हल्का और सॉफ्ट रखना चाहिए। ब्राउन, पीच या न्यूड शेड्स का इस्तेमाल करें। बहुत ज्यादा ग्लिटर या डार्क शेड्स अप्लाई करने से बचें। आईलाइनर पतला लगाएं और मस्कारा से पलकों को हल्का वॉल्यूम दें। इसके बाद आइब्रो पेंसिल से आइब्रोज को हल्की सी शेप दें।

**नेचुरल ग्लो के लिए ब्लशर:** बढ़ती उम्र में क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करना ठीक रहता है क्योंकि यह स्किन को हाइड्रेटेड लुक देता है। पीच या पिंक शेड चेहरे को फ्रेश और यंग लुक देते हैं।

**लिपस्टिक के शेड्स:** डार्क और बहुत ब्राइट कलर्स की बजाय सॉफ्ट शेड्स जैसे रोज, पिंक, पीच या न्यूड शेड्स के लिपिस्टिक का चुनाव करना सही रहता है। लिप्स को पहले मॉयश्चराइज करें और फिर लिपस्टिक लगाएं।

**हाइलाइटर का कम यूज:** मेकअप के बाद हल्का-सा हाइलाइटर चेहरे को ग्लो देता है। लेकिन इसका ज्यादा इस्तेमाल न करें।

सबसे जरूरी बात यह है कि सिंपल और एलिगेंट लुक ही बढ़ती उम्र में सबसे ज्यादा खूबसूरत लगता है।

(मेकअप आर्टिस्ट प्राची गोयल से बातचीत पर आधारित)

# मॉम रहेंगी मेंटली हेल्दी

आप जरूर चाहेंगी कि बढ़ती एज में भी आपकी मॉम न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली भी हेल्दी रहें। इसके लिए आप क्या उपाय आजमा सकती हैं, कैसे उनकी मेंटल हेल्थ का ध्यान रखें, जानिए।

एडवाइस
**डॉ. आरती आनंद**
सीनियर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली


हर परिवार में मां-बेटी के बीच गहरा भावनात्मक लगाव होता है। ऐसे में जिम्मेदार बेटी होने के नाते आपका यह फर्ज बनता है कि आप अपनी मम्मी के मन की बातों को भी समझें। आपकी कोशिश होनी चाहिए कि वे तनावमुक्त और प्रसन्न रहें।

**मानसिक सेहत पर प्रभाव:** उम्र के पांचवें दशक में प्रवेश करते ही अधिकतर महिलाओं के जीवन में मेनोपॉज की शुरुआत हो जाती है। इस दौरान उनके शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन की मात्रा घटने लगती है। हॉर्मोन संबंधी असंतुलन के कारण महिलाओं को मूड स्विंग की समस्या होती है। वे तनावग्रस्त रहने लगती हैं। उम्र के इस दौर में बच्चों के करियर, विवाह और रिटायरमेंट के बाद पैदा होने वाले खालीपन के बारे में भी सोचकर महिलाएं घबराने लगती हैं।

**कैसे पहचानें लक्षण:** अगर आपकी मम्मी अकसर सुस्त, चिड़चिड़ी और गुमसुम दिखाई दें या उनकी दिनचर्या और व्यवहार में अचानक कोई बड़ा बदलाव नजर आए, मसलन, कम बोलना, लोगों से मिलने-



जुलने से कतराना, एकाग्रता में कमी, निर्णय लेने में घबराहट, रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातें भूल जाना, रात में नींद न आना, सिरदर्द, भोजन में अरुचि, यदि ऐसे कोई भी लक्षण नजर आएं तो उन्हें अनदेखा न करें क्योंकि ये डिप्रेशन, स्ट्रेस और एंग्जाइटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में अपनी मां को इमोशनल सपोर्ट देना आपकी जिम्मेदारी है।



**क्या करना चाहिए:** रोजाना नियमित रूप से अपनी मां के साथ बातचीत के लिए समय निकालें। अगर कभी वह उदास नजर आएं तो उनसे उनकी उदासी का कारण पूछकर उसे दूर करने की कोशिश करें। सहजता से धीरे-धीरे उनके साथ दोस्ताना संबंध विकसित करने की कोशिश करें। जहां तक संभव हो घर के कामकाज में उनका हाथ बंटाएं। रोजाना सुबह जल्दी उठकर उनके साथ योग और मेडिटेशन करें। इससे ब्रेन में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो खुशी का एहसास दिलाने के साथ अच्छी नींद लाने में भी मददगार होता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं आपकी मम्मी को थायरॉइड की समस्या तो नहीं है, उनके शरीर में विटामिन-डी और विटामिन-बी-12 का स्तर सही तो है न? कई बार इनकी कमी के कारण भी महिलाओं को डिप्रेशन और एंग्जाइटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं परेशान करती हैं। अकेलापन सभी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की सबसे बड़ी वजह है, इसलिए उन्हें उनकी रुचि से जुड़ी किसी भी गतिविधि जैसे कीर्तन, सत्संग या किटी पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। किसी वीकेंड पर उन्हें अपने साथ शॉपिंग पर या डिनर के लिए लेकर जाएं। इस उम्र में महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियां सीमित हो जाती हैं, ऐसे में उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है। इस समस्या से बचाव के लिए उन्हें उनकी उन हॉबीज की याद दिलाएं। उन्हें जो भी कार्य पसंद हो, उसकी दोबारा से शुरूआत करें। ऐसी रचनात्मक सक्रियता से वह हमेशा तनावमुक्त और खुश रहेंगी।

प्रस्तुतिः विनीता

### सरकार की हठधर्मिता और लंबित मांगों को लेकर 27वें दिन धरने पर जुटे कर्मी

# दमकल व सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर नगर निगम कार्यालय के गेट पर जड़ा ताला

» नगर निगम कार्यालय परिसर में 8 अप्रैल से धरनारत दमकल कर्मचारी

» पहली मई से लंबित मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारी



सोनीपत। नगर निगम कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे दमकल यूनियन और नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। नगर निगम कार्यालय के गेट पर तालाबंदी करते दमकल व सफाई कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर प्रदेशभर के नियमित व अनियमित दमकल कर्मचारियों की चल रही राज्यव्यापी हड़ताल का 27वां दिन रहा। नगर निगम कार्यालय परिसर में 93 दमकल कर्मियों के साथ नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों ने धरना देकर सरकार के प्रति रोष जताया। इसके बाद दमकल व सफाई कर्मियों ने एकजुट होकर अपनी लंबित मांगों को लेकर नगर निगम के गेट पर तालाबंदी की। हालांकि करीब दो मिनट बाद गेट को खोल दिया गया। वहीं कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के पुतले का दहन को किन्हीं कारणों के चलते स्थगित कर दिया। इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा।

धरने की अध्यक्षता दमकल यूनियन के जिला प्रधान राजीव खत्री, नपा कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान भारत कंडेरा ने की। संचालन जिला सचिव अमित दहिया ने किया। लंबित मांगों को लेकर नपा कर्मचारी संघ ने भी सरकार की वायदाखिलाफी व हठधर्मिता के चलते 5 मई तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया। उधर शहर के बाजारों व पांच वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने से अव्यवस्था का माहौल बनने लगा है। कर्मचारियों ने कहा कि अगर सरकार समय रहते फायर व सफाई कर्मचारियों की मांगों का जल्द समाधान नहीं करती है, तो मंगलवार को बाइकों पर रोष मार्च निकाल सरकार के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन किया जाएगा। उधर नपा कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से शहर में सफाई व्यवस्था ठप हो जाएगी। कर्मचारियों ने सरकार से जल्द उनकी मांगों का समाधान करने की गुहार लगाई। धरने पर वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश, विनोद, यशेंद्र, नवीन, अजीत, सुनील, नरेश, देवेंद्र, नवीन, नितिन, विजय, राजेश, मनोज, सत्यवान, कमलेश आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज वर्कर्स यूनियन का प्रदर्शन

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर हड़ताल पर गए अग्निशमन कर्मचारियों के समर्थन में सोमवार को सोनीपत डिपो कमेटी ने सरकार के खिलाफ 2 घंटे प्रदर्शन कर यातायात प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। डिपो कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि सरकार अग्निशमन कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी कर रही है, जो पिछले 27 दिनों से अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं। फरीदाबाद में आग बुझाते जिन दोनों कर्मचारियों ने अपनी जान गवाई थी, सरकार उन्हें शहीद का दर्जा देकर उनके परिवारों को उचित मुआवजा दे। हड़ताल के दौरान जिन अग्निशमन गाड़ियों के लिए रोडवेज विभाग से चालक भेजे गए हैं, उनके पास अग्निशमन गाड़ी पर कार्य करने का कोई अनुभव नहीं है। जिस कारण सोनीपत डिपो के एक चालक को अग्निशमन वाहन से गिरने के कारण काफी गंभीर चोट आई हैं, और फैक्चर हुआ है। सरकार रोडवेज विभाग के सभी चालकों को अग्निशमन वाहनों से वापस बुलाए। समय रहते हड़ताल पर गए कर्मचारी साथियों से बातचीत करते समस्या का समाधान निकाले।

## सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

खरखौदा। नपा कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका खरखौदा के सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। कर्मचारियों ने सरकार पर मांगों की अनदेखी और भेदभावपूर्ण नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से सरकार के साथ कई दौर की बातचीत के बावजूद उनकी मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। सफाई व सीवर कर्मचारियों की नियमित भर्ती वर्षों से नहीं की गई है और ठेका प्रथा के कारण उनका शोषण हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने नियमितीकरण, समान काम के लिए समान वेतन, ठेका प्रथा समाप्त करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार करने, मेडिकल सुविधाएं, जोखिम भत्ता सहित अन्य मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



खरखौदा। सफाई कर्मचारियों के प्रदर्शन का समर्थन करते नवीन राणा।

## खबर संक्षेप

### सनपेड़ा खरीद केंद्र में बरसात से भीगा गेहूं

गन्नौर। बारिश के कारण सनपेड़ा खरीद केंद्र में खुले में पड़ा व कट्टों में भरा गेहूं भीग गया। खरीद केंद्र में बरसात से बचने के लिए न तो शेड लगा है और न ही पानी के निकासी की उचित व्यवस्था है। इस कारण गेहूं भीग गया। आढ़ती और किसान गेहूं की बोरियों व ढेरियों को पानी से बचाने की जुगत में लगे रहे, लेकिन फिर भी गेहूं की बोरियां पानी में भीगने से नहीं बच पाई। वहीं शहर की नई अनाज मंडी में गेहूं की आवक अब कम हो चुकी है। ऐसे में अनाज के ढेरियां शेड के नीचे ही रखी जा रही हैं, जिससे बरसात का कोई असर नहीं पड़ा।

### मौसम खराब होने से बिजली सप्लाई बाधित

गन्नौर। रविवार देर रात मौसम खराब होने और तेज बरसात के चलते शहर में कई जगहों पर बिजली आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गई। रातभर कई कालोनियों में अंधेरा छाया रहा, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार बिजली कट लगने के कारण इन्वर्टर भी ठप्प हो गए और गर्मी में लोगों की दिक्कतें और बढ़ गईं। बिजली निगम के अनुसार तेज हवाओं और बारिश के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार टूटकर गिर गए, जिससे आपूर्ति बाधित हो गई। विभाग की टीमें सुबह से ही फाल्ट ठीक करने में जुटी रहीं। कुछ कालोनियों में सुबह 10 बजे व कुछ क्षेत्रों में दोपहर 2 बजे के बाद कुछ क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बहाल हो सकी, हालांकि कई जगहों पर समस्या बनी रही। लोगों ने जल्द पूरी तरह व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

## सेवानिवृत्ति पर मार्केट कमेटी स्टाफ ने सुपरवाइजर को दी भावभीनी विदाई

- वाईस चेयरमैन योगेश कौशिक व सचिव ने कार्यशैली की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। सेवानिवृत श्री भगवान लाकड़ा को कमेटी के वाईस चेयरमैन योगेश कौशिक, सचिव शिवकुमार राठी व अन्य सम्मान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

मार्केट कमेटी गन्नौर में कार्यरत मंडी सुपरवाइजर श्री भगवान लाकड़ा सांदल कला अपनी 18 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत के उपलक्ष्य में की सेवानिवृत के उपलक्ष्य व सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कमेटी के वाईस चेयरमैन योगेश कौशिक, सचिव व कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके समर्पण और कार्यशैली की सराहना की। कमेटी के सचिव शिव कुमार राठी ने कहा कि उन्होंने लगभग 18 वर्षों तक ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके कार्यकाल में विभागीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने कहा कि उनके व्यवहार और कार्यशैली से सभी को प्रेरणा मिली। कौशिक ने कहा कि उन्होंने अपने कार्य में कभी कोई कोताही नही की। उनकी बेहर सेवा के कारण उन्हें जाना जाएगा।



लघु सचिवालय पहुंचीं आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की पदाधिकारी एवं अन्य।

### बीएलओ ड्यूटी हटाने की मांग, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

सोनीपत। आंगनवाड़ी वर्कर एंड हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू हरियाणा की जिला इकाई ने अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यकर्ता समाधान शिविर में पहुंचे और उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर पहले ही कई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, जिनमें रजिस्टर मेंटेन करना और ऑनलाइन कार्य शामिल हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा उनकी ड्यूटी इलेक्शन कमीशन के तहत बीएलओ के रूप में लगाई जा रही है, जिससे उनमें नाराजगी है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर को बीएलओ की ड्यूटी से मुक्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर डीसी कार्यालय पर धरना शुरू किया जाएगा। यूनियन ने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पहले ही इस संबंध में निर्देश जारी किए जा चुके हैं, बावजूद इसके स्थानीय स्तर पर ड्यूटी लगाई जा रही है। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव सोना देवी ने की। इस मौके पर सीटू नेता सिल्क राम मलिक और कामरेड सरधानंद सोलंकी मौजूद रहे।

## भिगान टोल प्लाजा पर टिकैत का स्वागत



गन्नौर। प्रोजेक्ट मैनेजर आनंद घणघस व टोल मैनेजर सूरज कुमार पुष्पगुच्छ भेंट कर राकेश टिकैत का अभिनंदन करते। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

भिगान टोल प्लाजा पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के पहुंचने पर किसानों व समर्थकों ने स्वागत किया। इस अवसर पर टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट मैनेजर आनंद घणघस व टोल मैनेजर सूरज कुमार ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर राकेश टिकैत का अभिनंदन किया। इस अवसर पर राकेश टिकैत ने किसानों व समर्थकों से किसान मुद्दों को लेकर बातचीत की। राकेश टिकैत ने किसानों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की और एकजुट होकर अपनी आवाज मजबूत करने का आह्वान किया।

## बंगाल चुनाव में जनता की इच्छा नहीं तंत्र की ताकत का इस्तेमाल : राकेश

- गोहाना रोड स्थित छोटू राम धर्मशाला में महापंचायत में पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हार-जीत चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन जिस तरह की धांधली के आरोप लग रहे हैं, वह लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या है। देश में आज के दौर में बेईमानी करके सब कुछ हासिल किया जा सकता है। बंगाल चुनाव के रुझान दर्शाते हैं कि वहां की जनता की इच्छा नहीं, बल्कि तंत्र की ताकत का इस्तेमाल हुआ है। ममता बनर्जी के समर्थकों को वोट तक नहीं डालने दिया गया, लेकिन उन्होंने जिस तरह विपक्ष का मुकाबला किया, वह काबिले तारीफ है। राकेश टिकैत सोमवार को गोहाना रोड स्थित छोटूराम धर्मशाला में किसानों की समस्याओं पर महापंचायत को संबोधित कर रहे थे। महापंचायत में हरियाणा व उत्तर प्रदेश के कई बड़े किसान नेता पहुंचे। महापंचायत का उद्देश्य एमएसपी की कानूनी गारंटी, किसानों पर दर्ज मुकदमों की वापसी, आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार करना रहा। टिकैत ने पश्चिम बंगाल चुनाव के परिणाम, देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर तीखा प्रहार किया।

### जिला प्रशासन अलर्ट

दराकेश टिकैत ने किसानों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है, जब स्थानीय स्तर के बजाय बड़े फैसलों के लिए दिल्ली व चंडीगढ़ की ओर रुख किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को कमजोर समझने की भूल न करे, आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है। देश का किसान झुकने वाला नहीं है। हक की लड़ाई सड़कों से लेकर पंचायत तक जारी रहेगी। वहीं जिले में किसान नेता राकेश टिकैत के आगमन व किसान महापंचायत की संवेदनशीलता को देखते जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर नजर आया। महापंचायत के दौरान धर्मशाला के आसपास पुलिस बल तैनात रहा।




गोहाना। कार्यशाला में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते प्रो. मैत्रेयी दत्ता।

### प्रभावी शिक्षण पद्धति पर साप्ताहिक शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआईटीटीटीआर) चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में परिणाम-आधारित शिक्षा एवं प्रभावी शिक्षण-पद्धति कौशल विषय पर एक सप्ताह का शॉर्ट टर्म कोर्स/वर्कशॉप का शुभारम्भ हो गया। कार्यशाला 8 मई तक चलेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ की कोर्स को-ऑर्डिनेटर प्रो. मैत्रेयी दत्ता ने बतौर मुख्य अतिथि किया। उन्होंने कहा कि परिणाम आधारित शिक्षा वर्तमान समय की एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक अवधारणा है, जो शिक्षा प्रणाली को पारंपरिक तरीकों से आगे ले जाकर उसे अधिक परिणामोन्मुख, पारदर्शी और प्रभावी बनाती है। परिणाम-आधारित शिक्षा के माध्यम से न केवल छात्राओं के अधिगम परिणामों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाता है, बल्कि शिक्षण और मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया को भी उसी अनुरूप ढाला जाता है। प्रो. मैत्रेयी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी और तकनीकी युग में शिक्षकों की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि उन्हें मार्गदर्शक, मेंटर व नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले प्रेरक के रूप में कार्य करना होता है।

### राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था ने किया कार्यक्रम

## परशुराम का वैदिक मंत्रोच्चारण से आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था (परशुराम सेना प्रकोष्ठ) की ओर से ककरोई रोड स्थित श्री दुर्गा मंदिर, निर्भय मंडल में भजन संध्या का आयोजन कर भंडारा लगाया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से शामिल हुए विद्वान ब्राह्मणों ने भगवान परशुराम का वैदिक मंत्रोच्चारण से आह्वान किया। जिससे वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय हो गया। भजन संध्या का शुभारंभ भजन गायक अमित बंधु ने मधुर भजनों के माध्यम से किया। भजन गायकों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर किया।



सोनीपत। सोनीपत के ककरोई रोड स्थित श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित भजन संध्या में मौजूद राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था (परशुराम सेना प्रकोष्ठ) के पदाधिकारी व श्रद्धालु।

### भंडारे की व्यवस्था की

तत्पश्चात पंडित अमित शौनक की ओर से भंडारे की व्यवस्था की गई। मुख्य अतिथि के रूप में भद्रकाली मंदिर के महंत खैराती लाल शर्मा, भाजपा नेता राजीव जैन, राजकुमार, ब्राह्मण उत्थान परिषद से मुकेश शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में संस्था की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से पंडित योगेश शर्मा, पंडित अमित शर्मा, पंडित अमित शौनक व प्रदेश कार्यकारिणी से आचार्य विपिन ने शिरकत की।

### अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष हेमंत शर्मा एवं उनकी समर्पित टीम ने तन, मन, धन से सेवा करते हुए कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन एवं सहयोग कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण रहा। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के परशुराम सेना प्रकोष्ठ ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान उपाध्यक्ष सोनू महाराज सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### टीपू सुल्तान को 227वें शहीदी दिवस पर किया नमन

गोहाना। पुराना बस अड्डा गोहाना स्थित शहीद स्मारक पर टीपू सुल्तान के 227वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा टीपू सुल्तान को भारतीय उपमहाद्वीप का पहला फ्रीडम फाइटर कहा जाता है जिसने अंग्रेजों के शासन के खतरे को गहराई से भांपा और इसके लिए उन्होंने अंग्रेजों से चार युद्ध लड़े। उन्होंने अंग्रेजों के सामने आत्म समर्पण करने की बजाय लड़ाई लड़ते हुए शहीद होना पसंद किया और कहा शेर की एक दिन की जिंदगी गीदड़ की 100 साल की जिंदगी से बेहतर है। हरभगवान चोपड़ा, विनीत दांगी आदि मौजूद रहे।



### दक्ष हेड ब्वॉय, रूपेक्षा बनी ज्ञान गंगा ग्लोबल की हेड गर्ल

सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में विद्यार्थियों के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह में स्कूल के हेड ब्वॉय, हेड गर्ल व स्पोर्ट्स कैप्टन के साथ ही विभिन्न हाउस के कैप्टन व वाइस कैप्टन का चयन भी किया गया। बारहवीं कक्षा के छात्र दक्ष को स्कूल का हेड ब्वॉय, छात्रा रूपेक्षा को हेड गर्ल व ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा मिशा को स्पोर्ट्स कैप्टन चुन लिया गया। प्राचार्या गीता चोपड़ा की देखरेख में छात्र-छात्राओं को दायित्व पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाने की शपथ दिलाई । इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



### भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने तली जलेबियां

गोहाना। भाजपा को चुनाव में तीन राज्यों में मिली जीत के उपलक्ष्य में कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा के गोहाना स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाते हुए प्रसिद्ध मातूराम की जलेबिलयां तली। जलेबियां कार्यकर्ताओं एवं लोगों के बीच वितरित की गईं। चुनाव परिणाम आने के साथ ही कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर नाचते खुशी का इजहार किया। नगर निगम पंचकूला में भाजपा संगठन के निर्देश पर चुनावी ड्यूटी में व्यस्त कैबिनेट मंत्री डा. शर्मा ने कार्यकर्ताओं को वीडियो काल करके संदेश दिया। इस अवसर पर डा. ओम प्रकाश शर्मा, मार्केट कमेटी गोहाना के चेयरमैन कृष्ण सैनी, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल, कुलदीप कौशिक, डा. रमेश कशयप ,अरुण बडोक रहे। दूसरी तरफ भाजपा गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद मलिक के कार्यालय पर भी कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई।





### संतुलित उर्वरक के उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम

खरखौदा। कृषि विज्ञान केंद्र, सोनीपत के तत्वावधान में खंड कृषि अधिकारी कार्यालय, खरखौदा में उर्वरकों का संतुलित उपयोग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम में क्षेत्र के 60 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। डॉ. कुलदीप दहिया, वैज्ञानिक मृदा एवं जल अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत ने जल प्रबंधन एवं उर्वरक उपयोग दक्षता बढ़ाने की तकनीकों पर प्रकाश डाला। ड्रिप/स्प्रिंकलर सिंचाई तथा लेजर लैंड लेवलिंग के माध्यम से पोषक तत्वों के समुचित उपयोग की जानकारी दी। डॉ.जोगेंद्र तोमर, वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रसार शिक्षा ने किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया।



### एमबीए की छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि के एमबीए प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के दौरान छात्राएं एलपी एस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड पहुंची। भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को वास्तविक औद्योगिक कार्यप्रणाली से अवगत कराते उनके सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव के बीच की दूरी को कम करना था। मार्गदर्शन एवं नेतृत्व डॉ. मीनाक्षी व डॉ. प्रियंका ने किया। कंपनी अधिकारियों ने छात्राओं को कंपनी की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक संरचना और फास्टनिंग एवं लॉजिस्टिक्स उद्योग में उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं ने कंपनी में सप्लाई चेन मैनेजमेंट, इन्वेंट्री सिस्टम, गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं तथा निर्माण एवं वितरण में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की।



### अच्छी लिखावट अनुशासित व्यक्तित्व की पहचान

खरखौदा। कल्पना चावला विद्यापीठ में विद्यार्थियों के लेखन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन सभी कक्षाओं के लिए उनके सेक्शन के अनुसार किया गया, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी ने अपनी लेख को उत्कृष्ट बनाने का हरसंभव प्रयास किया। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन को देखते जजों ने प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं का चयन किया। विजेता विद्यार्थियों में प्रतीक, प्रशांत, सिया, देव, मोनिका, ईरा, धनीशा, लीना, अंशु, भव्या, शिवन्या, अंशिका, विनय, अवनी, सीरत और हिना के नाम शामिल हैं। प्राचार्या ऊषा वत्स ने कहा कि अच्छी लिखावट विद्यार्थी के अनुशासित व्यक्तित्व की पहचान होती है, वहीं प्राथमिक प्रभारी रितु ने प्रतिभागियों को उनके कड़े परिश्रम के लिए बधाई दी।

### बेहतरीन प्रदर्शन कर कैंप से लौटी जीवीएम की ईशू



सोनीपत। एनसीसी के एडवेंचर कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन कर जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनसीसी कैडेट ईशू लौट आई है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने ईशू को दमदार प्रदर्शन व चयन पर बधाई दी। जीवीएम की एनसीसी इकाई की प्रभारी प्राध्यापिका ले. प्रियंका ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के मनाली स्थित एबीवीआईएमएएस में 21 अप्रैल से 30 अप्रैल तक एनसीसी का एडवेंचर कैंप आयोजित किया गया। कैंप में जीवीएम की ईशू भी शामिल हुई, जिन्होंने रॉक क्लाइंबिंग, नॉट टेस्ट, 15 किलोमीटर का कठिन ट्रैक तथा अन्य ट्रैकिंग गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपनी क्षमता का परिचय दिया। दस हजार फीट की ऊंचाई तक ट्रेक करके साहस व धैर्य प्रदर्शित किया। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने ईशू का अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रभारी ले. प्रियंका ने भी ईशू को बधाई दी।

बच्चों को स्कूल 10-12 किमी दूर हुए अलॉट, जबकि 1-2 किमी के दायरे में अलॉट करने का प्रावधान

# आरटीई : बच्चों का दाखिला करवाना बना गले की फांस

*कुछ निजी स्कूल बच्चों को दाखिला देने के नाम पर कर रहे आनाकानी, अभिभावकों का आरोप बीईओ ने पत्र लेने से किया मना*

*बच्चों के दाखिले के लिए दर-दर भटक रहे अभिभावक, शिक्षा अधिकारियों पर सुझाव भी नहीं देने का आरोप*

*जिले में निर्धारित 3966 सीटों पर 2224 बच्चों ने किया था आवेदन, पिछले सप्ताह 2214 ने दस्तावेजों का करवाया था सत्यापन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत विद्यार्थियों का निजी स्कूलों में दाखिला करवाना कुछ अभिभावकों के गले की फांस बन गया है। उन्हें दाखिले के लिए कभी निजी स्कूलों, तो कभी शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है। इसके बावजूद अभिभावकों के हाथ खाली हैं। अभिभावकों ने कुछ स्कूल संचालकों पर दाखिला नहीं देने का आरोप लगाया है, तो काफी बच्चों को घर से करीब 10 से 12 किलोमीटर दूर स्कूल अलॉट किए गए हैं। ऐसे में परेशान अभिभावक दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। अभिभावकों का आरोप है कि मामले में बीईओ भी उनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं, न ही वह कोई सुझाव दे रहे हैं।



सोनीपत। शिक्षा विभाग के कार्यालय के गेट पर रोष जताते अभिभावक।

## सैकड़ों अभिभावक पहुंचे कार्यालय, जताया रोष

आईटीई के तहत बच्चों का निजी स्कूलों में दाखिला जल्द करवाने की चाह लेकर सैकड़ों अभिभावक सोमवार को मॉडल टाउन स्थित जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर पहुंचे। अभिभावकों का आरोप है कि जिले के काफी बच्चों को योजना के तहत ऑनलाइन माध्यम से करीब 10 से 12 किलोमीटर दायरे के स्कूल अलॉट किए गए हैं, जबकि आवेदन प्रक्रिया में उन्होंने इन स्कूलों का चयन भी नहीं किया था। वहीं कुछ अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधकों पर बच्चों को दाखिला नहीं देने का आरोप लगाया है। अभिभावकों ने बताया कि स्कूल प्रबंधन उनके पास मेल नहीं आने की बात कह रहे हैं। आरोप है जब अभिभावक खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायत पत्र देने पहुंचे, तो उन्होंने पत्र लेने से मना कर दिया, न ही उनकी समस्या का कोई समाधान बताया गया। इसके बाद अभिभावकों ने कार्यालय के गेट पर रोष जताया।

## कक्षानुसार निर्धारित सीटें

| कक्षा | वर्ष 2026 |
|---|---|
| कक्षा नर्सरी | 1754 |
| कक्षा एलकेजी | 50 |
| कक्षा यूकेजी | 140 |
| कक्षा पहली | 2022 |
| कुल सीटें | 3966 |

## *ऑनलाइन व ऑनलाइन दौर से गुजरकर भी हाथ लग रही मायूसी*

*जिले में अपने बच्चों को आरटीई के तहत निजी स्कूलों में पढ़ाने के लिए निर्धारित 3966 सीटों पर 2224 अभिभावकों ने आवेदन किया था। पिछले सप्ताह 2214 ने खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों में पहुंचकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाया था, ताकि बच्चे चयनित स्कूलों में दाखिला पाकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें। अब बच्चों को स्कूल अलॉट होने के बावजूद उन्हें दाखिले की दरकार है। अभिभावकों के हाथ मायूसी लग रही है।*

## अभिभावकों की व्यथा

### पढ़ाई हो रही प्रभावित



आरटीई के तहत आवेदन करने और दस्तावेजों का सत्यापन करवाने के बावजूद उनके बच्चे को अब तक दाखिला नहीं मिल पा रहा है। बच्चे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।
**-जावेद**, शास्त्री कॉलोनी

### फीस मांगी जा रही



हम शहर के जटवाड़ा में रह रहे हैं। शिक्षा विभाग की ओर से उन्हें स्कूल अलॉट भी कर दिया गया है, लेकिन स्कूल संचालक ने मेल नहीं मिलने की बात कही है। उनसे दाखिले के लिए फीस मांगी जा रही है।
**-अजय**, जटवाड़ा

### दाखिला देने से किया मना, न्याय के लिए भटक रहे



पहली बात उनके बच्चे को महलाना रोड पर कई किलोमीटर दूर स्कूल अलॉट कर दिया। जब वह ट्रांसपोर्ट लगवाने की बात सोचकर दाखिला करवाने स्कूल पहुंचे, तो उन्हें दाखिला देने से मना कर दिया गया। अब वह न्याय के लिए भटक रहे हैं। **-नरेंद्र**, कबीरपुर

### अभिभावकों से कुछ गलती होने का अंदेशा

मामले में पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान अभिभावकों से कुछ गलती होने का अंदेशा है। फिर भी अभिभावकों की समस्या को सुना गया है, जिसको लेकर जल्द मुख्यालय पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा। आरटीई के तहत 1 से 3 किलोमीटर के दायरे में स्कूल अलॉट करने का प्रावधान है।
**-रचना बाना**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

## सड़कों और बाजारों में लग रहे कूड़े के ढेर

**गोहाना।** शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराने लगी है। नगरपालिका कर्मचारियों की हड़ताल के चलते चार दिन से कचरा नहीं उठ पाया है, जिससे सडक़ों और बाजारों में कचरे के ढेर लग गए हैं। हालात यह हो गए हैं कि दुकानों के सामने कचरे के ढेर जमा होने लगे हैं और बदबू फैलने से लोगों का वहां खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। घर-घर से कचरा उठाने की व्यवस्था ठप होने के कारण अब कई घर खुद ही डंपिंग पॉइंट बनते जा रहे हैं। कचरा लंबे समय तक जमा रहने से उसमें सडऩ शुरू हो गई है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढऩे लगा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह-शाम बदबू के कारण परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। शहर से प्रतिदिन लगभग 39 टन कचरा निकलता है, लेकिन हड़ताल के कारण इसका निस्तारण नहीं हो पा रहा है। हालांकि नियमित कर्मचारी सीमित क्षेत्रों में सफाई करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन संसाधनों और स्टाफ की कमी के चलते स्थिति पर काबू पाना संभव नहीं हो पा रहा है।

## 40 करोड़ में बनवाएंगे 520 सीटिंग वाला ऑडिटोरियम : राजीव जैन



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन।

**सोनीपत।** भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने वार्ड नंबर- 2 के बालाजी मंदिर धर्मशाला महावीर कॉलोनी, वार्ड- 10 बाबा कॉलोनी और वार्ड -17 पीपल वाली गली रोहतक रोड, वार्ड नंबर 13 सिद्धार्थ कॉलोनी और वार्ड- 4 के अंतर्गत सेक्टर-15, गांधी आवास सेक्टर-12 और प्राइमरी स्कूल वाले पार्क सेक्टर-15, वार्ड- 11 में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं पुरानी कश्यप चौपाल गांव लहराड़ा में विधायक पवन खरखौदा के साथ एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा नेता ने लोगों को भरोसा दिलाया कि अगले पांच सालों में नगर निगम क्षेत्र के विकास को लेकर आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया सोनीपत में 40 करोड़ रुपये की लागत से 520 सीटिंग क्षमता वाले बड़े ऑडिटोरियम (सभागार) का निर्माण किया जाएगा। इससे शहर में भव्य सामजिक व सांस्कृतिक आयोजनों लिए लिए शहरवासियों को ऑडिटोरियम की सुविधा मिल सकेगी। शहर के सेक्टर-23 में 10 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त डिस्पेंसरी का निर्माण होगा, जिसका लाभ स्थानीय निवासियों को मिल सकेगा। उन्होंने वार्ड- 3 के अंतर्गत गुरु सरोज माता आश्रम मुरथल रोड में संचालकों, सेवादारों और श्रद्धालुओं से भेंट की। उन्होंने संतों को नमन किया और मां दुर्गा की वंदना की। समर्थकों ने उन्हें विजय श्री का तिलक लगाया और उनका आदर सत्कार किया। राजीव जैन ने इसके लिए सबके प्रति आभार प्रकट किया और नगर निगम का चुनाव लड़ रहे सभी भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए समर्थन मांगा।

■ भाजपा मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने सघन जनसंपर्क अभियान चला कर जनता से समर्थन मांगा

## आमजन की सुविधाओं की बजाए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है निगम बजट : दिवान

*मेयर प्रत्याशी कमल दिवान ने जारी रखा जनसंपर्क अभियान, मांगा समर्थन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान ने कहा कि आज नगर निगम भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुका है और शहर का विकास पूरी तरह ठप है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार इस कदर फैल चुका है कि आम आदमी के काम नहीं हो रहे। उन्होंने नगर निगम के बजट और कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर की सफाई, सीवेज और सड़कों की हालत जर्जर है। कांग्रेस प्रत्याशी सोमवार को शहर में अलग अलग जगहों पर जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। विभिन्न वार्डों में आयोजित कार्यक्रमों में कमल दिवान ने अपने पिता स्वर्गीय देवराज दिवान की तर्ज पर शहर में विकास करवाने का वादा किया। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा केवल कागजों में योजनाएं बनाती है, लेकिन धरातल पर जनता समस्याओं से जूझ रही है। भाजपा सरकार अपनी किसी भी घोषणा को पूरा नहीं कर पाई है, सरकार पूरी तरह विफल रही है। भाजपा सरकार की नाकामी ही है कि नगर निगम का बजट आम जनता की सुविधाओं के बजाय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ग्रामीण संजीव दहिया, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, सुरेंद्र दहिया, जयवीर अतिल, जय भगवान अंतिल, सुरेंद्र छिक्कारा ,नीटू दहिया, जय सिंह मलिक पार्षद गोहाना, जगशेद मलिक नूरन खेड़ा, मनोज बागड़ी आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से आशीर्वाद लेते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान साथ में अन्य।

## कार्यकर्ताओं का परिश्रम लाया रंग : अरविंद



**गोहाना।** सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास नीति और भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम की बदौलत कमल खिलाकर तृणमूल कांग्रेस और ममता बैनर्जी के कुशासन, अराजक शासन का अंत किया। उन्होंने असम और पुडुचेरी में भी भाजपा को स्पष्ट बहुमत पर खुशी जताई। डा. शर्मा ने कहा कि यह जनादेश देश की जनता के प्रधानमंत्री पर बढ़ते हुए विश्वास, विकास की राजनीति और सुशासन के प्रति समर्थन को दर्शाता है। पश्चिम बंगाल में अब विकास की नई गति देखने को मिलेगी।

## बीजेपी की आंखों पर सत्ता के घमंड की पट्टी चढ़ी, अब उसे लोग दिखाई नहीं दे रहे : हुड्डा



**सोनीपत।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज सोनीपत में वार्ड नंबर 6, गली नंबर 1 वेस्ट राम नगर वार्ड नंबर 18, गली नंबर 2 मालवीय नगर वार्ड नंबर 20, गढ़ी ब्राह्मण एससी चौपाल वार्ड नंबर 21 आदि जगहों पर जनसभा की और कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान तथा वार्ड प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर वोट अपील की। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कोई ऐसा निगम नहीं बचा जहां बीजेपी ने भ्रष्टाचार न किया हो। फरीदाबाद निगम में 200 करोड़ सड़क घोटाला हो गया, पंचकुला निगम में 160 करोड़ का बैंक घोटाला हो गया। कहीं सफाई घोटाला, ठेकेदारी घोटाला हुआ। पिछले 12 साल बीजेपी के ट्रिपल इंजन प्रदेश की जनता को भ्रष्टाचार के जरिये लूटने का काम कर रहे हैं। बीजेपी की आंखों पर सत्ता के घमंड की पट्टी चढ़ी, अब उसे लोग दिखाई नहीं दे रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक गीता भुक्कल, विधायक चंद्रप्रकाश, विधायक बलवान दौलत पुरिया, विधायक इंदुराज नरवाल, कांग्रेस के नगर निगम प्रत्याशी कमल दीवान, जगबीर मलिक, जयवीर बाल्मीकि, सुरेंद्र पवार, सुभाष गांगोली, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, राई से जयभगवान दीपालपुर, जिलाध्यक्ष संजीव दहिया, मनोज बागड़ी, सुरेन्द्र छिक्कारा आदि मौजूद रहे।

## 50 नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** सोमवार को भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में 50 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। हर सप्ताह की भांति यह शिविर शहर में सोनीपत मार्ग टी-प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में सम्पन्न हुआ। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा खानपुर मंडल के अध्यक्ष जस्सी खुराना थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा की और संयोजन स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में तीन भाइयों में मुकेश सरोहा, राकेश सरोहा और नवीन सरोहा, सुधीर नरवाल और उनके भतीजे सुमित नरवाल, श्यामसुंदर जिंदल, सुनील जिंदल, विकास सरोहा, जितेन्द्र सैनी, प्रवीन कुमार, राजेन्द्र कुमार, कुलदीप सैनी, साहिल शर्मा, ओमबीर, रविन्द्र सिंह, सुरजीत, साहिल चहल, मंदीप, दीपक और साहिल ने रक्तदान का पुण्य कमाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

प्रशिक्षक सौरभ शर्मा के नेतृत्व में ओलंपिक के लिए तैयार हो रहे खिलाड़ी

## जिलास्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खरखौदा सेंटर के खिलाड़ियों ने झटकाए 10 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खरखौदा स्थित सावित्रीबाई फुले राजकीय महाविद्यालय में संचालित सरकारी ताइक्वांडो सेंटर के खिलाड़ियों ने जिलास्तरीय चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भीम अवॉर्डी प्रशिक्षक सौरभ शर्मा के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इन खिलाड़ियों ने गन्नौर के रौनक पब्लिक स्कूल में आयोजित जिलास्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पदकों को झटक राज्यस्तरीय चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह बनाई।



सोनीपत। जिलास्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पदक विजेता खिलाड़ी।

बता दें कि गोहाना रोड स्थित सुभाष स्टेडियम में तैनात प्रशिक्षक सौरभ शर्मा दो साल से खिलाड़ियों को तराशने का कार्य कर रहे हैं। उनका लक्ष्य वर्ष 2036 में भारत में संभावित ओलंपिक खेलों के लिए विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार करना है। उन्होंने बताया कि ग्रासरूट पर सही तकनीक व मेहनत से ही देश के लिए ओलिंपिक मेडल का सपना सच होगा। सौरभ शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में खरखौदा ताइक्वांडो सेंटर के 10 खिलाड़ियों ने जिलास्तरीय चैंपियनशिप में भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर शत-प्रतिशत परिणाम दिया। टीम ने कुल पांच स्वर्ण, चार रजत व एक कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब मई माह के अंत में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे। प्रशिक्षक ने आशा जताई कि यह खिलाड़ी अब राज्य स्तर पर अपनी जीत सुनिश्चित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी को संस्कृति व परंपराओं को जानने का अवसर : सतपाल



**गन्नौर।** सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोगों को एक मंच पर आने का अवसर मिलता है, जिससे सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी हरिद्वार में स्वामी शालीग्राम घाट पर कौशिक बस सर्विस द्वारा आयोजित विशाल जागरण व भंडारे के शुभारंभ अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर सांसद व हरिद्वार में पार्षद महाबीर शर्मा का भगवतदयाल कौशिक, गायक रणबीर बड़वासिनयां,पंकित कौशिक, अंकित कौशिक आदि ने फुलमालाओं से स्वागत किया। सांसद सतपाल ब्रहमचारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक कार्यक्रमों का विशेष महत्व है और ये आयोजन समाज को जोडने का कार्य करते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और गायक प्रवीन कौशिक व तुषार कौशिक ने भजनों से माध्यम से वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवत दयाल कौशिक ने बताया कि हर वर्ष इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इस मौके पर बड़ी सुनीता शर्मा, सरपंच अरूण त्यागी, पार्षद अंकित त्यागी, हरिओम कौशिक,विद्यासागर सहित गणमान्य लोग शामिल हुए।

### भाजपा की जीत विकास, सुशासन और राष्ट्रहित में ऐतिहासिक जीत : आंतिल



**राई।** राई हलके के जाखैली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा की जीत पर लड्डू बाटकर खुशी मनाई। शेखर आंतिल ने भाजपा की जीत को विकास, सुशासन और राष्ट्रहित में ऐतिहासिक जीत बताया है। पश्चिम बंगाल में पहली बार हुई भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत पीएम मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मेहनत का परिणाम है। भाजपा नेता शेखर आंतिल ने कहा कि अब भाजपा की प्रचंड जीत से बंगाल में विकास, सुरक्षा और समृद्धि का नया दौर शुरू होगा। बंगाल में जनता ने भाजपा को जो प्रचंड जीत दी है। युवा भाजपा नेता राहुल कौशिक ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की शानदार जीत ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब भ्रष्टाचार, घुसपैठ और कुशासन की राजनीति को पूरी तरह नकार चुकी है। उन्होंने कहा कि लगातार देश में कांग्रेस का सफाया हो रहा है उसी तरह हरियाणा के निकाय चुनाव में भी कांग्रेस जीरो पर आउट होगी। इस मौके युवा नेता राहुल कौशिक,अनिल मलिक, अरूण शर्मा, राहुल खत्री, दीपक मलिक, बिटटू मलिक, सुनील मलिक, बलबीर, पवन, प्रवीन, जगता आदि मौजूद थे।

### भाजपा की जीत पर लड्डू बांटकर जताई खुशी



**गन्नौर।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर गन्नौर में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जश्न मनाया। शहर के मुख्य बाजार में कार्यकर्ता एकत्र हुए और झालमुड़ी व लड्डू बांटकर खुशी व्यक्त की। भूषण हसीजा ने कहा कि यह जीत देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों पर भरोसा दर्शाती है। गन्नौर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंघल ने तीन राज्यों में मिली सफलता को कार्यकर्ताओं की मेहनत और नेतृत्व की दूरदर्शिता का परिणाम बताया। इस मौके पर गौरव जैन, राजेन्द्र सैनी, राजकुमार अग्रवाल, अरविंद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुशील व प्रमोद समेत अन्य मौजूद रहे।

### कृष्ण छिक्कारा खाद-बीज विक्रेता एसोसिएशन के बने प्रधान



**गन्नौर।** गन्नौर में खाद-बीज विक्रेताओं के संगठन की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। संगठन के गठन को लेकर सभी ने एकजुट होकर किसानों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी में चिरस्मी गांव के कृष्ण छिक्कारा को एसोसिएशन का प्रधान, उपप्रधान सुनील धनखड़, धर्मबीर छिक्कारा को चुना गया। सचिव नीरज मलिक और सतीश मलिक, उपसचिव संदीप राणा, नरेश राठी, मुख्य सलाहकार नरेन्द्र लाकड़ा, मीडिया प्रभारी संजीव रापरिया, पवन दहिया, संयोजक विक्रम, टींकु, नरेन्द्र, कैशियर राजू, मुकेश रापरिया, सचिव जगबीर छिक्कारा, सुरेशपाल को चुना गया। नवियुक्त प्रधान चिरस्मी गांव के कृष्ण छिक्कारा ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद और बीज उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

### चीनी मिल के जोन निदेशक चुनाव की करवाई मतगणना



**गोहाना।** उच्च न्यायालय के आदेश पर सोमवार को चौ. देवीलाल चीनी मिल आहुलाना में करीब डेढ़ साल से बंद मत पेटियां खोली गई। मतपेटियां खुलने के साथ ही उनमें बंद निदेशक पद के प्रत्याशियों का भाग्य भी खुल गया। मतगणना में बिजेता बने प्रत्याशियों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। लेकिन उनके चेहरों पर खुशी के वो भाव नहीं दिखाई दिए जो अकसर चुनाव के ताजा नतीजों के बाद दिखाई देते हैं। चीनी मिल के कुल 9 जोन हैं। करीब डेढ़ साल पहले 9 जून 2024 को इन सभी जोनों के निदेशक का चुनाव करवाया गया था। चुनाव का आवेदन जमा न होने के चलते तब एक पूर्व निदेशक उच्च न्यायालय की शरण में चला गया। इसके बाद उच्च न्यायालय ने चुनाव की मतगणना पर रोक लगा दी थी। सोमवार को न्यायालय के आदेश पर बंद मतपेटियां खोली गई और मिल की एमडी एवं चुनाव अधिकारी अंकिता वर्मा के की देखरेख में मतगणना की गई।

**किसी जोन से कौन बना विजेता :** जोन संख्या-1 गोहाना से गांव भैंसवान के हरिचंद, जोन संख्या-2 बड़ौता से निर्विरोध गांव ककाना के कदम सिंह, जोन संख्या-3 कथूरा से गांव संदीप छिछड़ाना, जोन संख्या-4 आहुलाना से निर्विरोध गांव आहुलाना के जोगेन्द्र सिंह, जोन संख्या-5 से निर्विरोध गांव मुंडलाना के अशोक, जोन संख्या-6 बरोदा से अतुल, जोन संख्या-9 को-ऑपरेटिव सोसायटी से गांव खन्दराई निवासी अनिल पत्नी जगबीर सनसनवाल निदेशक चुने गए।